## 'अनुभाग', 'प्रभाग' एवं 'विभाग' शब्दों में अन्तर |

# (Difference between hindi words Anubhag, Prabhag and Vibhag)

कोई भी देश या समाज अपनी उन्नति के लिए संगठनों के रूप में कार्य करता है। ये संगठन छोटे या बड़े हो सकते है। इन संगठनों के लिए हिन्दी में अलग-अलग शब्द होते हैं. जैसे - विभाग, अनुभाग, प्रभाग आदि। इस लेख में हम इन्हीं संगठन के लिए प्रयुक्त शब्दों के बारे में जानेंगे।

1. **अनुभाग -** किसी उद्देश्य की पूर्ती के लिए बनाई गई एक छोटी सी इकाई को अनुभाग कहते है। यह किसी बड़े संगठन, प्रणाली या विभाग का एक छोटा सा हिस्सा होता है। यह किसी विशिष्ट कार्यक्षेत्र तक सीमित रहकर छोटे स्तर पर ही कार्य करता है।
अनुभाग का नेतृत्व छोटे स्तर के किसी अधिकारी या पदाधिकारी के द्वारा कारा किया जाता है। अनुभाग शब्द का प्रयोग प्रायः छोटे-छोटे समूहों के लिए किया जाता है।
**अनुभाग के उदाहरण-** किसी कालेज या विद्यालय में अलग-अलग विषयो यथा - गणित, विज्ञान, भाषा समूह के अनुभाग। हम विज्ञान अनुभाग गणित अनुभाग कह सकते हैं।

2. **प्रभाग -** किसी सगठन या विभाग के एक बड़े हिस्से को प्रभाग कहते हैं। प्रभाग बड़े स्तर पर कार्य करता है। प्रभाग का सचालन सभाग स्तर के उच्चाधिकारी द्वारा किया जाता है। एक प्रभाग में कई अनुभाग शामिल हो सकते है।
**प्रभाग के उदाहरण -** जैसे किसी राजनीतिक पार्टी में युवा मोर्चा प्रभाग, महिला मोची प्रभाग होते हैं। इसी तरह शिक्षा विभाग में कई प्रभाग हो सकते हैं- जैसे माध्यमिक शिक्षा प्रभाग उच्च शिक्षा प्रभाग आदि।

3. **विभाग -** शासन, किसी बड़े संगठन या कंपनी की एक
बड़ी कार्यात्मक इकाई को विभाग कहा जाता है। विभाग किसी विशेष कार्य से संबंधित होते हैं। विभाग में भी अलग-अलग प्रभाव हो सकते हैं।
**विभाग के उदाहरण-** सरकार के अलग-अलग विभाग
जैसे शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन एवं संचार विभाग आदि।

**निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है-** विभाग विशेष क्षेत्र में एक बड़ा कार्य करने वाली वाली बड़ी इकाई होती है। प्रभाग विभाग के भिन्न भिन्न कार्यक्षेत्रों की मध्यम इकाइयाँ होती हैं और अनुभाग प्रभागों के अधीन सामान्यतः छोटे समूह होते हैं।

I hope the above information will be useful and important.
(आशा है, उपरोक्त जानकारी उपयोगी एवं महत्वपूर्ण होगी।)

**Thank you.**
**R F Tembhre**